भारत सरकार

श्रम और रोजगार मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या- 2185

गुरूवार, 6 अगस्त, 2026/15 श्रावण, 1948 (शक)

ओडिशा में एनसीएस पोर्टल के माध्यम से नियोजन

2185 श्री शुभाशीष खुंटिया:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले पांच वर्षों के दौरान राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल पर ओडिशा से पंजीकृत नौकरी चाहने वालों की संख्या कितनी है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान राज्य से पोर्टल पर पंजीकृत नियोक्ताओं और रिक्तियों की संख्या कितनी है;

(ग) राज्य से पोर्टल पर पंजीकृत उन नौकरी चाहने वालों की वर्ष-वार संख्या कितनी है जिन्हें पोर्टल के माध्यम से नौकरी मिली; और

(घ) राज्य में पंजीकरण, नियोक्ताओं की भागीदारी और प्लेसमेंट में सुधार के लिए क्या उपाय किए गए हैं?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री

(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)

(क) से (घ): राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल देश भर के सभी हितधारकों को निजी और सरकारी क्षेत्रों की नौकरियों, ऑनलाइन और ऑफलाइन रोजगार मेलों की जानकारी, नौकरी खोज और मिलान, करियर परामर्श, व्यावसायिक मार्गदर्शन, कौशल विकास पाठ्यक्रमों की जानकारी, कौशल/प्रशिक्षण कार्यक्रम आदि करियर से संबंधित सेवाएं डिजिटल प्लेटफॉर्म [www.ncs.gov.in] के माध्यम से प्रदान करने के लिए एक वन-स्टॉप समाधान है।

दिनांक 15.07.2026 तक, पिछले पांच वर्षों में अर्थात् 2021-22 से 2025-26 के दौरान, एनसीएस पोर्टल पर ओडिशा राज्य में 9.66 लाख से अधिक नौकरी चाहने वाले और 1.83 लाख से अधिक नियोक्ता पंजीकृत हुए। साथ ही, इसी अवधि के दौरान ओडिशा राज्य में 8.16 लाख से अधिक रिक्तियां जुटाई गई हैं। इसके अलावा, एनसीएस पोर्टल पर अंतिम भर्ती के आंकड़ों को अधिसूचित करना अनिवार्य नहीं है।

मंत्रालय ने कई सार्वजनिक और निजी नियोक्ताओं/पोर्टलों/प्लेटफ़ॉर्मों के साथ समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं ताकि सभी रोजगार चाहने वालों के लिए रोजगार के अवसरों को बढ़ाने के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी को सुदृढ़ बनाया जा सके। अब तक, कई भागीदारों जैसे अपना, स्विगी, रैपिडो, ज़ोमैटो, अमेज़न, टीसीएस आईओएन, क्विकर और फाउंडइट (मॉन्स्टर) सहित 40 से अधिक अन्य कई भागीदारों के साथ समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इन समझौतों से एनसीएस पोर्टल पर रोजगार के अवसरों तथा रिक्तियों के एकत्रीकरण, रोजगार मेलों के आयोजन, कौशल विकास कार्यक्रमों, करियर परामर्श तथा रोजगार से संबंधित अन्य सहायक सेवाओं के एकीकरण में सहायता मिलती है।

एनसीएस पोर्टल को विभिन्न सरकारी पोर्टलों जैसे उद्यम, ई-श्रम, स्किल इंडिया डिजिटल हब, ईपीएफओ, ईएसआईसी, एमएचआरडी, डिजिलॉकर आदि के साथ भी एकीकृत किया गया है तथा संघ लोक सेवा आयोग, कर्मचारी चयन आयोग, कृषि वैज्ञानिक भर्ती बोर्ड, रेलवे भर्ती बोर्ड आदि सरकारी भर्ती निकायों से भी जोड़ा किया गया है।

इसके अतिरिक्त, वर्तमान में 31 राज्य/संघ राज्य क्षेत्र (ओडिशा सहित) एनसीएस पोर्टल के साथ एकीकृत हो चुके हैं, जिनमें 8 राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र ऐसे हैं जो एनसीएस पोर्टल का सीधे उपयोग कर रहे हैं।

*****